Statement

Tixs valu; of gjods seized oil Kariraganj-Bangladesh border is as under: —

	1989	1990 (upto November, 1990)
Incoming	. Rs. 24, 42, 298/-.	Rs. 14, 24, 429/-
Outgoing	Rs. *24, 45, 766/-*	Rs. 16, 16, *86/-*

The major items being smuggled in, include fish, used garments, electronic goods, palm-oil, eggs, etc. while outgoing include rice, sugar, Cattle, animal-skins and atomobile spare parts.

The Karimganj area is mostly reverine. Though measures have been taken to strengthen BOPs, constrction of OP towers, deploying more nak as, vigorous patrolling, frisking of vehs. use of search lights & Powerful binoculars etc. it is considered that introduction of speed boats will yiels more results. The case for sanction of speed bats is already under process with *the* Governments.

हिन्दुस्तान समाचार सहयोग समिति के मामले

*170. श्री विट्ठलभाई मोतीराम पटेल : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि "हिन्दुस्तान समाचार सहयोग समिति" नई दिल्ली ने अपने पत्रकार तथा गैर–पत्रकार कर्मचारियों को पिछले कई महीनों से वेतन का भुगतान नहीं किया है ;

(ख) भविष्य निधि तथा कर्मचारी राज्य बीमा की ओर कितनी राशि बकाया है ;

(ग) बोनस का भुगतान किस तिथि तक किया गया है ;

(घ) अभी कितने कर्मचारियों को उपदान का भुगतान किया जाना बाकी है और वह राशि कितनी है; और

(ङ) सरकार द्वारा इन बकाया राशियों की वसूली के लिए क्या कार्यवाही की गई है ?

श्रम मंत्रालय में राज्य मंत्री और कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रामजी लाल सुमन) : (क) दिल्ली प्रशासन से प्राप्त सूचना के अनुसार मैसर्स हिन्दुस्तान समाचार सहयोग समिति के पत्रकार और गैर-पत्रकार कर्मचारियों से मजदूरी के भुगतान न किए जाने के बारे में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

(ख) उपलब्ध सूचना के अनुसार 30 नवम्बर, 1990 तक मै0 हिन्दुस्तान समाचार पर कर्मचारी भविष्य निधि और कर्मचारी राज्य बीमा की बकाया राशि क्रमशः 28,80,383.70 रुपये और 4,52,353. 23 रुपये थी।

(ग) जिस तिथि तक बोनस का भुगतान किया गया है उसके बारे में दिल्ली प्रशासन के पास सूचना उपलब्ध नहीं है तथापि प्रशासन को फर्म के किसी कर्मचारी की तरफ से बोनस का भुगतान न करने की कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

(घ) दिल्ली प्रशासन के पास इस समय उपदान का कोई भी दावा लम्बित

नहीं है। कुछ कर्मचारियों, जिनको उनके उपदान का भुगतान नहीं किया गया था, ने पहले अपने दावे दायर किये थे और 1987 में नियन्त्रक प्राधिकारी ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए थे।

(क) कर्मचारी भविष्य निधि और कर्मचारी राज्य बीमा की थकाया राशि की वसूली के लिए सरकार ने निम्नलिखित कार्यवाही की हैं।

कर्मचारी भविष्य निधि

(i) कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम की धारा 8 के अधीन राजस्व वसूली कार्यवाई शुरू की गई हैं।

(ii) दिसम्बर, 1989 तक की अवधि तक के लिए कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम की धारा 14 के अधीन 45 अभियोजन मामले दायर किए गए हैं।

कर्मचारी राज्य बीमा

(i) मई, 1990 तक की चूक के लिए कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम की धारा 45 के अधीन राजस्व वसूली प्रमाणपत्र जारी किए गए हैं।

(ii) कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम की धारा 85 के अधीन 2 अभियोजन मामले दायर किए गए हैं।

(iii) भारतीय दंड संहिता की धारा 406/409 के अधीन पुलिस प्राधिकारियों के पास एक अपराधिक शिकायत दर्ज की गई है।

STOPPAGE OF HINDI PROGRAMES FROM CHANDIGARH STATION OF AIR

*171. SHRIHARVENDRA SINGH HANSPAL: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether it is a fact that in response to threats from Sikh extremists in Punjab, the transmission of Hindi news bulletins and other Hindi Programmes have been banned since the beginning of December, 1990;

(b) If not. what are the reasons of Sloping the transmission of Hindi news and other programmes in Punjab; and

(c) What steps Government propose to take to resume Hindi bulletins and other programmes in Punjab as usual?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS AND THE MINISTER O F STATE IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI SUBODH KANT SAHAY); (a) No, Sir;

(b) and (c) Apprehending grave security thereat, the staff of All India Radio, Chandigarh discontinued the broadcast of Hindi News Bulletins and programmes from 10-12-1990 All India Radio jullundur did not relay the Regional Hindi Bulletin but it continues to relay the Central News Bulletins in Hindi. The Government has tightened the security measures at AIR Complex and the regular bulletins andprogrammes have since been resummed.

औद्योगिक विकास दर

*172. डा० जितेन्द्र कुमार जैन :

सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि वर्तमान वर्ष के प्रथम तीन महीनों के दौरान औद्योगिक विकास दर लगभग 13 प्रतिशत थी ;

(ख) क्या यह भी सच है कि वर्ष की दूसरी तिमाही के दौरान यह विकास दर कम हो गई ;

(ग) यदि हां, तो विकास दर में कितनी कमी आई और क्या यह भी सच है कि कच्चे माल के आयात पर कतिपय प्रतिबन्ध लगा देने के क्या कारण अनेक उद्योगों के उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है ; और